राजनांदगांव

राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में आपका स्वागत है। यह रेलवे स्टेशन हावड़ा—मुबंई मार्ग पर नागपुर मंडल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। राजनांदगांव स्टेशन की सफाई यांत्रिक मशीनों द्वारा की जाती है तथा स्वच्छता के मामले में यह स्टेशन वर्ष 2019 में देश में 13 वे स्थान पर है। स्टेशन की साफ—सफाई में आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाता है जिसमें बैटरी ऑपरेटेड स्क्रबर मशीन, वॉटर जेट मशीन, स्क्रबर ड्रायर आदि मशीनों का उपयोग किया जाता है तथा पटरियों पर रैग पिकिंग का कार्य किया जाता है। सफाई कार्य के लिए इको फ्रेन्डली व बायो डिग्रेबल सामग्री क उपयोग किया जाता है। इस स्टेशन में गीले व सूखे कचरे अलग—अलग इकठ्ठा कर निष्पादन किया जाता है जिसके लिए स्थानीय नगर निगम से मेमोरेन्ड्म ऑफ अन्डरस्टॉन्डिगं भी निष्पादित किया गया है।